हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 10 नवंबर 2024



# चित्र से पहचानेंगे अक्षर, कानूनी ज्ञान के साथ डिजीटल साक्षरता का भी पढ़ेंगे पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

असाक्षर को साक्षर करने के लिए प्रदेश स्तर पर नए सिरे से अभियान की शुरूआत की जा रही है। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के तहत राजनांदगांव सहित मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले में अगले तीन साल के दौरान करीब 70 हजार असाक्षर को अक्षर ज्ञान दिया जाएगा।

इनमें राजनांदगांव जिले के लिए 40 एवं मोहला-मानपुर व खैरागढ़ जिले के लिए 30-30 हजार का टारगेट है। खास बात यह है कि अक्षर ज्ञान के साथ ही कानूनी ज्ञान एवं डिजीटल साक्षरता के भी पाठ पढ़ाए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति के तहत केंद्र सरकार ने दो साल पहले वर्ष 2022 में पांच साल की अवधि के लिए न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम नामक एक केंद्र प्रायोजित योजना शुरू की, जिसे उल्लास नाम दिया गया। इस अभियान के तहत देशभर में असाक्षर को साक्षर करने के लिए जिला अनुसार लक्ष्य दिया गया है। इसी अभियान के तहत प्रदेश में किताबें तैयार की गई है। जिसकी मदद से जिले में आक्षर को साक्षर करने का काम शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा। 2011 की जनगणना के अनुसार महिला साक्षरता दर 60 प्रतिशत से कम दर वाले जिले में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके अलावा शैक्षणिक रूप से पिछड़े विकासखंडों में पहले चरण में 15 से 35 आयु वर्ग के असाक्षरों और उसके बाद 35 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को साक्षर बनाने का काम किया जाएगा।

## असाक्षरों को साक्षर करने चलेगा अभियान, तीन जिलों में 70 हजार का टारगेट

### 200 घंटे की ट्रेनिंग जरूरी

उल्लास के अंतर्गत चिन्हांकित स्कूलों में उल्लास साक्षरता केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जहां असाक्षरों को 200 घंटे का अध्यापन कराकर बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान प्रदान कराकर नवसाक्षर बनाया जाएगा। नवसाक्षरों को महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल विकास, सतत शिक्षा-शिक्षार्थियों को कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, संस्कृति, खेल मनोरंजन एवं स्थानीय रूचि के अनुसार अन्य विषय में उन्नत सामग्री प्रदान करना है। कार्यक्रम स्वयंसेवकों के माध्यम से ऑनलाइन व ऑफलाइन मोड में संचालित किया जाएगा।



### सहयोग से पूरा होगा अभियान

इस अभियान के तहत प्रशिक्षण देने वाले स्वयंसेवकों के प्रोत्साहन के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने वाले 5वीं कक्षा से ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों के साथ ही एम.एड, बी.एड, बीएलएड/बीटीसी/जेबीटी आदि पाठ्यक्रमों के शिक्षक, शिक्षा संस्थानों, सामुदायिक भागीदारी के अंतर्गत स्व-सहायता समूह के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेवानिवृत्त शिक्षक, पंचायतकर्मी आदि का सहयोग लिया जाएगा।

### हर किमी के हिसाब से दर तय, अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई

# नहीं वसूल पाएंगे मनमाना किराया निशक्तों को मिलेगी निःशुल्क यात्रा सुविधा

## प्रदेश के सभी बस स्टैंड में नए दर की सूची चस्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मनमाना किराया वसूली पर अंकुश लगाने और यात्रियों को किराया दर की जानकारी देने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा परिक्षेत्र अंतर्गत सभी बस स्टैंड में किराया सूची चस्पा की गई है। इस सूची के लग जाने से यात्रियों को अपने गंतव्य का किराया मालूम हो रहा है।

वहीं वरिष्ठ नागरिकों सहित दिव्यांगजनों को मिलने वाली छूट का उल्लेख भी बैनर के माध्यम से किया गया है। अक्सर बस में सफर करने वालों से अधिक किराया लेने की शिकायत मिलती रहती है। जबकि किराया तय होने के बाद भी बस ऑपरेटरों द्वारा अपने निर्धारित दर के अनुसार ही किराया लिया जाता रहा है, लेकिन अब बस ऑपरेटर द्वारा यात्रियों से अधिक किराया वसूल नहीं किया जा सकेगा। इसको लेकर परिवहन विभाग ने सभी बस स्टैंड पर किराया सूची चस्पा करवा दी है। जिसमें किलोमीटर के अनुसार किराये दर की जानकारी भी दी गई है।

### नक्सल पीड़ितों को मिलेगी विशेष छूट

लंबे समय से बस यात्रा में छूट नहीं मिलने की शिकायत कर रहे नक्सल पीड़ित परिवार के लोगों को भी अब बस के सफर में 50 प्रतिशत किराये की छूट मिलेगी। इसके लिए सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र यात्रा के दौरान दिखाना होगा।

### दिव्यांगों की यात्रा होगी निःशुल्क

परिवहन विभाग द्वारा नियमों के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को छूट नहीं मिलने के मामले में भी पहल करते बस स्टैंड में लगाए गए किराया सूची में 100 प्रतिशत छूट मिलने वाले व्यक्तियों की जानकारी दी गई है। जिसमें दृष्टिहीन, दोनों पैरों से चलने में असमर्थ दिव्यांग, बौद्धिक दिव्यांग, 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन और एचआईवी पीड़ितों को निःशुल्क यात्रा दिए जाने का बोर्ड लगाया है।

### बसों के किराया निर्धारित

परिवहन विभाग द्वारा सुपर लग्जरी एसी बस, डीलक्स बस सेवा, साधारण बस सेवा सहित दिन और रात्रिकालीन सफर के अलग-अलग किराया दरों का उल्लेख किया गया है। जिसमें साधारण बस सेवा के लिए लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर 7.50 रुपए और लग्जरी बसों के लिए 8.75 रुपए निर्धारित किया गया है।

### सभी बस स्टैंड में लगी सूची

परिवहन विभाग द्वारा बस स्टैंड में लगाए गए किराया सूची को लेकर जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि एचआईवी पीड़ित, दिव्यांगजनों एवं 80 वर्ष या उससे अधिक वरिष्ठजनों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। यात्रियों को जानकारी देने किराया सूची राजनांदगांव के नए व पुराने बस स्टैंड सहित चौकी, मोहला, मानपुर, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, डोंगरगाव और डोंगरगढ़ के बस स्टैंड में फ्लेक्स के माध्यम से किराया सूची के किराया सूची लगाया गया है।


















HONDA
हर गाड़ी की खरीदी पर पायें बम्पर ऑफर
5000 रु. तक का कैश डिस्काउंट*
एक हेलमेट फ्री*
फुल टैंक पेट्रोल फ्री*
राकेश होंडा
एच.पी. पेट्रोल पंप के पास, मेन रोड़, डोंगरगांव,
मो. 8815055550
न्यूनतम ब्याज दर
न्यूनतम डाउन पेमेंट
ACTIVA
एक शांत क्रांति | eSP | PGM-FI
Low ROI @ 7.99%*
IDFC FIRST Bank
HDFC BANK
For more information give a missed call on 7230032200
Shine 100

## खबर संक्षेप

### खेत में पकड़ाए 7 जुआरी, 26 हजार जब्त

**डोंगरगढ़।** पुलिस को मेढ़ा के मोहन सिन्हा के खेत में कुछ व्यक्तियों के जुआ खेलने की सूचना मिली थी। खबर की सूचना अधिकारियों को देकर उनके निर्देश पर पुलिस टीम मेढ़ा रवाना हुई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मेढ़ा के मोहन सिन्हा के खेत में जुआ खेल रहे टाकेश्वर गोंड़ ग्राम नवागांव, कुलेश्वर सिन्हा मेढ़ा, हरीश सिन्हा भंडारपुर, रवेन्द्र दास साहू बगदई, नूतन वर्मा नवागांव, अरविंद सिन्हा बधियाटोला, शेखर साहू मेढ़ा को धर दबोचा। रेड कार्यवाही के दौरान मौके से नगदी 26400 रूपए, पत्ती ताश जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध छग जुआ प्रति. अधिनियम 2022 की धारा 3 एवं 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### दीपावली मिलन समारोह 10 को

**डोंगरगढ़।** नगर यादव समाज द्वारा दीपावली मिलन एवं यादव परिचय सम्मेलन समारोह का आयोजन कल 10 नवंबर को राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए अध्यक्ष विश्वनाथ यादव ने बताया कि इस सम्मेलन में नगर के यादव जन अपने विवाह योग्य पुत्र एवं पुत्री के साथ उपस्थित हो सकते है। आगामी 24 फरवरी को होने वाले स्थापना दिवस समारोह में आयोजित सामूहिक विवाह में बच्चों का विवाह करा सकेंगे।

### चुनाव की सूचना जारी

**डोंगरगढ़।** जिला सतनामी समाज सेवा समिति ने ब्लाक सतनामी समाज के चुनाव हेतु सूचना जारी कर दिया है। प्रथम चरण में सदस्यता अभियान 20 नवंबर तक चलेगा। इच्छुक जन सदस्यता ले सकते है। ब्लाक सतनामी समाज सेवा समिति के शंकर बघेल ने बताया कि अधिक जानकारी सह चुनाव प्रभारी राजू कौशिक से हासिल किया जा सकता है।

### सांसद पांडे झारखंड में सक्रिय

**डोंगरगढ़।** सांसद संतोष पाण्डेय इन दिनों झारखण्ड में भाजपा सरकार बनाने के लिए चुनाव प्रचार करने जुटे हैं। सांसद श्री पांडे के साथ क्षेत्र के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में सक्रिय है। सांसद पांडे ने गत दिनों गुमला, लोहरदगा, सिसई, बिसनापुर विधानसभा क्षेत्र में जाकर प्रचार कर लोगों को केंद्र की योजनाओं से अवगत कराया। मंडल, बूथ स्तर की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।

### दिवाली मिलन एवं अन्नकूट 10 को

**डोंगरगढ़।** श्री मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में दिवाली मिलन समारोह एवं अन्नकूट का आयोजन 10 नवंबर को रखा गया है। इस अवसर पर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने दी।

### स्कूलों में टीकाकरण अभियान

**डोंगरगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूल में 10 साल और 16 साल के बच्चों को टीडी वैक्सीन (टेटनस, डिप्थीरिया) लगाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्र में 5 साल तक के बच्चों एवं गर्भवती को टीका लगाया जा रहा ळै। 5 साल तक बच्चों को ओपीवी पोलियो, बीसीजी, पेंटा, रोटा, पीसीवी, एफआईपीवी, मीजल रूबेला का टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है।

### पुलिस अधिकारी पहुंचे देवी के दरबार

**डोंगरगढ़।** अविभाजित मध्यप्रदेश में सन 1983 में भर्ती सब इंस्पेक्टर बैच के अधिकारियों ने यहां पहुंचकर मां बमलेश्वरी देवी की पूजा अर्चना किया। उन्होंने पुलिस विभाग के सभी साथियों में एकजुटता और सभी के दीर्घायु होने की कामना किया। मीडिया से बात करते हुए सवाई सिंग नागर 1983 बैच के कप्तान ने पहले और अब की कार्यशैली में अंतर बताते कहा कि आज नए संसाधन, आधुनिकता बढ़ जाने से पुलिस की कार्यशैली में परिवर्तन देखने को मिल रहा है जबकि पहले की पुलिस आत्मीयता वाली थी। एक दूसरे से मिल कर हम कोई भी समस्या का हल निकाल लेते थे। आज की पुलिसिंग जो हैं वह कॉमर्शियल हो गई है।

### मांझीटोला में 12 को डांस स्पर्धा

**बांधाबाजार।** ग्राम मांझीटोला में देवउठनी के अवसर पर संस्कार युवा मंडल, महिला मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में 12 नवंबर को रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। स्पर्धा के सामूहिक डांस में 221 रुपए, युगल डांस में 151 एवं एकल डांस में 121 रुपए प्रवेश शुल्क है। सामूहिक डांस में विजेताओं को क्रमशः 6001, 4001, 2001, 1001, युगल डांस में 3001, 2001, 1501, 1001, एकल डांस में 2001, 1501, 1001, 701 रुपए दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं सदस्य अरुण यादव होंगे। अध्यक्षता सरपंच रेशमा सुभाष परतेती करेंगी। विशेष अतिथि पूर्व विधायक संजीव शाह, गुलाब गोस्वामी, राजेश सिंघी, भारत भूषण राजपूत, योग माया साहू, शेषवरी धुर्वे, मिलन सिंह परतेती, रमेश रामटेके, परमेश्वर साहू, अजय उसारे, चित्रांगन साहू, भानुप्रभा नेताम होंगे।

### अन्य कर्मियों के माध्यम से होगी धान खरीदी

**डोंगरगढ़।** समिति प्रबंधकों की हड़ताल को देखते हुए राज्य सरकार ने अन्य विभाग के अधिकारियों के देखरेख एवं कम्प्यूटर आपरेटरों की उपस्थिति में घोषित तिथि 14 नवंबर से धान खरीदी करने का आदेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार कृषि विस्तार अधिकारी एवं बैंक प्रबंधक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मार्कफेड के कार्यरत कर्मचारी, कम्प्यूटर आपरेटर धान खरीदी करेंगे। अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित तिथि से धान खरीदी शुरू हो जाएगी।

### स्थापना दिवस पर रैली का आयोजन



**डोंगरगढ़।** भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस का आयोजन राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव, राजेंद्र गोलछा राज्य उपाध्यक्ष, केके सोनी राज्य सचिव, उमेश हथेल जिला अध्यक्ष, महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त, पीके सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में उच्चतर माध्यमिक शाला पारागांव खुर्द में मनाया गया। इस मौके पर रैली एवं संगोष्ठी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 140 स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर एवं स्काउटर गाइडर शामिल हुए। इस मौके पर विष्णु प्रसाद साव, राकेश भावते, दविंदर सिंग भाटिया, लक्ष्मीनारायण वर्मा, डॉ. मिलन टेम्भूलकर, अरविंद सहारे, लेखराम साहू, विजय टेम्बुरकर, चंद्रशेखर सहारे, ओमप्रकाश टेंभुलकर, विजय सरजारे, इंद्रा साखरे, देवेंद्र अम्बादे, मयूर श्रीवास्तव, लेखराम वर्मा आदि मौजूद थे।

## धर्मनगरी में श्रद्धा से मनाया गया छठ महापर्व

# सूर्य को दिया अर्घ्य, गूंजे मंगल गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोक आस्था के महापर्व छठ धर्मनगरी के लोगों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। ऊगते और डूबते सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य देकर अपनी आस्था प्रगट किया। पर्व को लेकर नगर के ऐतिहासिक महावीर तालाब में व्रतियों का जमावड़ा रहा।

जानकारी के अनुसार चार दिनों तक चलने वाले महापर्व के आज चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा। गुरुवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने व्रती पूजा सामग्री लेकर घाट में पहुंची। इस दौरान महावीर तालाब घाट पर लोकगीतों की गूंज दूर तक सुनाई दी। बच्चों ने आतिशबाजी कर पर्व की खुशी मनाया। शाम तक चले इस आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन की मौजूदगी रही।



### छठ पर्व का समापन

शुक्रवार को चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हुआ। गुरुवार- शुक्रवार की रात्रि को महावीर तालाब में छठी माता की पूजा अर्चना कर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस बार छठ महापर्व की पूजा में अन्य समाज के लोगों ने शामिल होकर संतान की दीर्घायु के लिए मंगल कामना किया।

### महिलाओं ने गाया गीत

महापर्व की शुरूवात 5 नवंबर को नहाय खाए के साथ हुई। इसी कड़ी में 7 नवंबर को महावीर तालाब में व्रती महिलाओं और उनके परिजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। दोपहर को टोकरी में पूजा सामग्रियों को सजाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। तालाब के पानी में उतर कर भक्तों ने घंटों अस्तांचल सूर्य को अर्घ्य दिया। महिलाओं ने संतान व परिजनों के लिए मंगल कामना की। वहीं शुक्रवार को सूर्य की पहली किरण के साथ ही भक्तों ने महावीर तालाब मेंउपस्थित होकर सूर्य की विधिवत पूजा अर्चना कर अर्घ्य दिया। तालाब परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। तालाब में एक ओर से दूसरे छोर तक लोग पूजा-अर्चना करने में जुटे रहे। इस दौरान नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने महावीर तालाब पहुँच लोगों को पर्व की बधाई दी।

## विधिक सेवा से कराया अवगत



**छुईखदान।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष सुषमा सावंत के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनंदगांव हेमंत रात्रे के नेतृत्व में तालुक विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष श्री व्यास ने श्यामपुर में ग्रामीणों को राष्ट्रीय विधिक सेवा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों के लोगों को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना है। उच्चतम न्यायालय ने गरीब और कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता प्रदान करने इसे शुरू किया है। पीएलव्ही सुनील कुमार ने लोगों को बताया कि नेशनल लोक अदालत आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होगी, जिसमें राजीनामा योग्य के मामलों का निराकरण किया जाएगा। इस दौरान निःशुल्क विधिक सहायता के पंपलेट वितरित किया गया।

## बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा इकाई ने चांदो में आयोजित विशेष शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक परिचर्चा सत्र का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि पद्मश्री फुलबासन बाई यादव, उद्यमी खिलेश्वरी साहू, कार्यक्रम अधिकारी करुणा रावटे थी। कार्यक्रम में सरपंच चुरामन नायक, पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह की महिलाओं ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम ने की।

विशेष वक्ता के रूप में हेमचंद विवि के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप, डॉ. आरपी अग्रवाल, डॉ.वीरेंद्र साहू, महेश्वर साहू, डॉ. एके धमगाए, गणेश कुमार नेताम थे।

बौद्धिक परिचर्चा में कुलसचिव ने जीवन से जुडे अनेक र्ण पहलुओं पर अपने अनुभव साझा किया। डॉ. अग्रवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं उसके महत्व पर अपने विचार रखा।

## कबीर आश्रम पर हमले की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसराकला

कबीर मंदिर आश्रम पेण्ड्री से जुड़े अनुयायियों ने दामाखेड़ा में उपद्रवियों द्वारा आचार्य हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहेब कबीर आश्रम में किए गए हमले, नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहेब को धमकी देने तथा आश्रम में बम फेंके जाने की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने घटना को निंदा करते हुए इसे निंदनीय तथा दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि घटना के विरोध में सभी कबीरपंथी समाज के साधु-संत, महंत एवं भक्त एक हैं और शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

कबीरपंथी अनुयायियों ने कहा है कि कबीरपंथ एक सरल एवं सत्य-अहिंसा का पंथ है जो कबीर साहेब के सिद्धांत पर चलता है।उन्होंने उपद्रवियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## जनजातीय इतिहास पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के मार्गदर्शन में जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत, सामाजिक आध्यात्मिक, योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य वक्ता जल संसाधन विभाग नारायणपुर के एसडीओ आरबी सिंह, वन विकास समिति राजनांदगांव के सचिव डॉ राजेश खांडेकर, शिवाजी लिगे सहायक प्राध्यापक थे।

कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती एवं वीर नायकों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। स्वागत उद्बोधन कला संकाय प्रभारी डॉ आशा चौधरी ने दिया। मुख्य अतिथि श्री सिंह के द्वारा जनजाति समाज की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विचार रखे। श्री खांडेकर ने कहा कि जनजाति क्षेत्र वन एवं खनिज संपदा से समृद्ध रहे हैं। आदिवासी भाई-बहन प्राकृतिक पर आधारित जीवनयापन करते हुए प्रकृति की रक्षा करते हैं।

शिवाजी लिंगे ने जनजाति समुदाय के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन नीलम चतुर्वेदानी एवं आभार प्रदर्शन हेमुराम पदमे ने किया।

इस मौके पर डॉ. आरआर कोचे, एवलाल मेश्राम, डॉ. नीता राजपूत, डॉ. नौशीन अंजुम, डॉ. येशुकृति हजारे, डॉ.सपना परिहार, अंजलि देवांगन, अनिमा मिंज, मनीषा भेड़यि, मंजू धनकर, मीनाक्षी, द्रोणिका, अंजलि, माहेश्वरी, आकांक्षा, ग्रेसी, डिगेश्वरी, प्रिंस, कपिल, नवीन गोस्वामी, पुवेन्द्र, सुभाष सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामपुर में चला सघन स्वच्छता अभियान



**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत रामपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साप्ताहिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वच्छ भारत मिशन में स्वच्छता को बढ़ावा देने और ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिपं सभापति इंदुमती साहू, जनपद सदस्य मनीष साहू, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह आदि शामिल हुए।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## जशपुर पुलिस दो युवकों को ले गई अपने साथ

**डोंगरगढ़।** महादेव सट्टा एप को लेकर जशपुर पुलिस ने 2 एवं 3 नवंबर को एसडीओपी के सहयोग से शहर के दो युवकों से पूछताछ को उनके बैंक खातों की जांच कर तथा दस्तावेज इकठ्ठे कर अपने साथ ले गई है। एसडीओपी आशीष कुंजाम ने जशपुर पुलिस द्वारा दो दिन तक पूछताछ करने की पुष्टि करते हुए बताया कि अन्य जानकारी जशपुर पुलिस ही बता सकती है। सोशल मीडिया में उक्त मामले की व्यापक चर्चा है कि शहर के दो युवकों के तार महादेव सट्टा एप से जुड़े है। इनके माध्यम से लाखों का लेनदेन किया गया है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी अवैध लेनदेन को लेकर एक युवक के घर छापामार कार्यवाही हुई थी।

### सोना- चांदी की तस्करी

जानकारी के अनुसार 2022-23 में सोना चांदी की तस्करी का मामला सुर्खियों में था। जानकार बताते है कि इस मामले में कुछ सराफा कारोबारी एवं सफेदपोश लोग जुड़े थे। बताया जाता है कि इंकम टैक्स और ईडी की टीम ने कुछ व्यापारियों के घर दस्तक दिया था।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मासिक बैठक आज

**राजनांदगांव।** प्रदेश छत्तीसगढ़ पेंशनर एसोसिएशन जिला राजनांदगांव की मासिक बैठक कल 10 नवंबर को अपरान्ह 12.30 बजे स्थानीय ठाकुर प्यारेलाल हाईस्कूल में आयोजित की गई है। जिला, तहसील, नगर व ग्रामीण ईकाई के समस्त पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### दीपावली मिलन आज

**राजनांदगांव।** जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल के तत्वावधान में संघ द्वारा दिपावली मिलन समारोह का आयोजन कल 10 नवंबर को स्थानीय शिव मंदिर सारथीपारा में मनाया जाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ अध्यक्ष मनसुख सोनकर होंगे। संघ के संयुक्त सचिव मोहन सेन ने समस्त मंडलियों के उस्ताद-मंत्रीगण, सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है। उक्त जानकारी संघ के सचिव अशोक सारथी ने दी।

### आज से चार दिवसीय जन्मोत्सव का आगाज

**राजनांदगांव।** श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर चार दिवसीय महोत्सव कल 10 से 13 नवंबर तक श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। कल 10 नवंबर को महोत्सव का शुभारंभ मेंहदी उत्सव के साथ होगा। श्री श्याम भरोसे परिवार की टीना खंडेलवाल, स्वाति लोहिया, वंदना अग्रवाल एवं सुनीता बावरिया के अनुसार संस्कारधानी नगरी में खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अनेक वर्षों से भक्तिभाव पूर्वक मनाया जा रहा है। 12 नवंबर को श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर चार दिवसीय आयोजन 10 से 13 नवंबर तक संपन्न होंगे। श्री हनुमान श्याम मंदिर में 10 नवंबर को सुबह 11 बजे से श्री श्याम नाम की मेंहदी लगाई जाएगी। आयोजन समिति ने श्रद्धालु श्याम प्रेमी माता-बहनों से मेंहदी उत्सव में शामिल होकर अपने हाथों में श्याम नाम की मेंहदी रचवाने का आग्रह किया है।

# नियमों का उल्लंघन, 27 प्रकरणों पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने के 27 मामलों में समन शुल्क वसूल कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिलेभर में गत दिवस एमसीपी लगाकर रात्रि 8 से 12 बजे तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में की गई चेकिंग। जिसमें थाना लालबाग, डोंगरगांव, घुमका, छुरिया, डोंगरगढ़, सोमनी, बागनदी एवं पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़, चिचोला पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत जिले के समस्त थाना व चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा 8 नवंबर को रात्रि 8 से 12 बजे तक एमसीपी लगाकर आने-जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध 27 प्रकरणों में 10,100 रुपए समन शुल्क कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

### एमसीपी लगाकर वाहनों पर नजर

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग व दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने तथा शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने हेतु वाहनों की चेकिंग करने तथा कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था।

## व्यवसायी शिवनाथ नदी में डूबा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के एक व्यवसायी की शिवनाथ नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इधर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवनाथ नदी मोहारा में आज दोपहर बाद एक व्यवसायी की नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्ति सुनील ठक्कर उम्र लगभग 57 वर्ष कैलाश नगर निवासी के रूप में की गई है।

### पुलिस जांच में जुटी

बताया गया कि मृतक का मोबाइल व कपड़ा नदी के बाहर ही था। वह नहाने नदी के पानी में उतरा था, जो गहराई में चला गया। जिससे डूब गया। इधर इस घटना की सूचना होते ही मौके पर मृतक के परिजनों व आसपास के लोगों की उपस्थिति हो गई थी। मौके पर बसंतपुर पुलिस स्टाफ पहुंची। शव को जिला अस्पताल के मरच्युरी में रखवाया गया है। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इधर शहर में उक्त व्यवसायी के नदी में डूबने से मौत होने की खबर से शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

## डॉ.यादव का भाजपा ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ पीसीलाल यादव को राज्योत्सव के मौके पर लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार मिलने के बाद जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, भीखु हिरवानी एवं लीलाराम साहू ने उनके घर जाकर सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि डॉ यादव को गत 6 नवंबर को राज्योत्सव में उप राष्ट्रपति जगदीश धनगढ़ ने उक्त अलंकरण से सम्मानित किया। उनके सम्मानित होने क्षेत्र का मान बढ़ा है जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस मौके पर श्री अग्रवाल ने कहा कि डॉ यादव के सम्मानित होने से पूरे गंडई क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।







देव उठनी एकादशी (तुलसी विवाह) की अग्रिम शुभकामनाएं
जॉन डियर ट्रैक्टर वाजिब दाम में उपलब्ध
आज ही लाए अपने सपनों का ट्रैक्टर जॉन डियर ट्रैक्टर
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
JOHN DEERE
टेक्नोलॉजी जो बदल दे आपकी जिंदगी
आया है राजा!
अब नए अवतार में
नया PowerTech 5310 57 HP 42kW
GearPro 12 F+4R
वंदना ट्रॉली एवं जैनसन उपलब्ध
GearPro विस्तृत गती श्रेणी
उच्च बैक अप टॉर्क
LiftPro अधिक लिफ्ट क्षमता
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध।
जॉन डियर का वादा 5 साल की वारंटी*
TremIV
* शर्तें लागू
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976 | अंबागढ़ चौकी 8103024569 | चिचोला | गण्डई
संपर्क :- 9977184777, 8120006476 | सर्विस :- 8120006480, 8120001601
आवश्यकता है - वर्कशॉप मैनेजर खैरागढ़ ब्रांच
संपर्क करें 9977184777 8120006476

## खबर संक्षेप

### रहमान कापा में अपार आईडी के लिए पालक बैठक संपन्न

**हरिभूमि पंडरिया।** विकासखण्ड पंडरिया के समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला रहमान कापा में अपार आईडी सहमति हेतु एक महत्वपूर्ण पालक एवं शाला प्रबंधक समिति बैठक का आयोजन किया गया, इस बैठक में विद्यालय प्रबंधक समिति के सभी सदस्य, पालक, शिक्षक व अन्य उपस्थित थें।

## निधन

### आशुतोष पाठक

**हरिभूमि पाण्डातराई/पंडरिया।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत



सिद्धपुर-नवागांव निवासी आशुतोष पाठक आयु 45 वर्ष का आकस्मिक निधन शनिवार को हो गया। स्व. आशुतोष पाठक के निधन से आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व ग्रामीणों में भारी शोक व्याप्त है। स्व. श्री पाठक का अंतिम संस्कार सिद्धपुर-नवागांव स्थित मुक्तिधाम में किया गया। स्व. आशुतोष पाठक परितोष पाठक, नंदीशोष पाठक के बड़े भाई व पंडरिया मां महामाया मंदिर के पुजारी थे, इस दौरान आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई।

## निधन

### दुर्गा देवी जायसवाल

**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई निवासी श्रीमती



दुर्गा देवी जायसवाल का निधन शनिवार को हो गया। स्व. श्रीमती दुर्गा देवी जायसवाल 92 वर्ष की थी, उनकी अंतिम संस्कार कार्यक्रम स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीणों ने भावभीनी श्रद्धाजंली अर्पित की गई। स्व. श्रीमती जायसवाल सरोज जायसवाल व संजय जायसवाल की माता थी। स्व. श्रीमती दुर्गा देवी जायसवाल के निधन से जायसवाल परिवार में शोक व्याप्त है।

***छुईखदान।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष सुषमा सावंत के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनंदगांव हेमंत रात्रे के नेतृत्व में तालुक विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष श्री व्यास ने श्यामपुर में ग्रामीणों को राष्ट्रीय विधिक सेवा के बारे में जानकारी दी।

**मकान किराये से देना/बेचना है**

शहर के मध्य सर्व सुविधा युक्त/आंगन युक्त मकान शीतला वार्ड, कवर्धा शहर मे बड़े परिवार हेतु किराये से देना है/ बेचना है। (मकान नजूल से फ्री होल्ड है) शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता

मो. 7898902030

धर्मनगरी में श्रद्धा से मनाया गया छठ महापर्व

# सूर्य को दिया अर्घ्य गूंजे मंगल गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



लोक आस्था के महापर्व छठ धर्मनगरी के लोगों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। ऊगते और डूबते सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य देकर अपनी आस्था प्रगट किया। पर्व को लेकर नगर के ऐतिहासिक महावीर तालाब में व्रतियों का जमावड़ा रहा।

जानकारी के अनुसार चार दिनों तक चलने वाले महापर्व के आज चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा। गुरुवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने व्रती पूजा सामग्री लेकर घाट में पहुंची। इस दौरान महावीर तालाब घाट पर लोकगीतों की गूंज दूर तक सुनाई दी। बच्चों ने आतिशबाजी कर पर्व की खुशी मनाया। शाम तक चले इस आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन की मौजूदगी रही।

### महिलाओं ने गाया गीत

महापर्व की शुरूवात 5 नवंबर को नहाय खाए के साथ हुई। इसी कड़ी में 7 नवंबर को महावीर तालाब में व्रती महिलाओं और उनके परिजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। दोपहर को टोकरी में पूजा सामग्रियों को सजाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। तालाब के पानी में उतर कर भक्तों ने घंटों अस्तांचल सूर्य को अर्घ्य दिया। महिलाओं ने संतान व परिजनों के लिए मंगल कामना की। वहीं शुक्रवार को सूर्य की पहली किरण के साथ ही भक्तों ने महावीर तालाब मेंउपस्थित होकर सूर्य की विधिवत पूजा अर्चना कर अर्घ्य दिया। तालाब परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। तालाब में एक ओर से दूसरे छोर तक लोग पूजा-अर्चना करने में जुटे रहे। इस दौरान नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने महावीर तालाब पहुँच लोगों को पर्व की बधाई दी।

### छठ पर्व का समापन

शुक्रवार को चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हुआ। गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि को महावीर तालाब में छठी माता की पूजा अर्चना कर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस बार छठ महापर्व की पूजा में अन्य समाज के लोगों ने शामिल होकर संतान की दीर्घायु के लिए मंगल कामना किया।

# विधायक के अथक प्रयास से प्रतापपुर से कुण्डा मार्ग मरम्मत कार्य पूरा

■ ग्रामीणों ने विधायक के प्रति जताया आभार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया अंतर्गत प्रतापपुर से कुण्डा सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य



क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अथक प्रयास से प्रतापपुर से कुण्डा सड़क जो विगत पांच वर्ष से खराब था। घनश्याम चंद्रवंशी ने बताया कि कांग्रेस शासन काल में इस सड़क पर आवागमन बहुत बहुत ही दुर्लभ हो गया था। जिससे ग्रामीणों, किसानों, राहगीरों तथा स्कूली छात्र छात्राओं को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ता था, वहीं ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए पूर्व विधायक को कई बार क्षेत्रीय ग्रामीणों व रहवासियों द्वारा शिकवा शिकायत तथा प्रतापपुर से कुण्डा सड़क की सुधार व मरम्मत करने की मांग की थी लेकिन जिम्मेदारों द्वारा सिर्फ और सिर्फ आश्वासन देते रहे।

वहीं प्रतापपुर से कुण्डा सड़क की सुधार तथा मरम्मत कार्य आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा तत्काल प्रतापपुर से कुण्डा सड़क की मरम्मत व सुधार कार्य की आश्वासन दिया जो अब वर्तमान में मरम्मत कार्य हो गया, जिसे यहां के किसान, व्यापारी, राहगीरों तथा स्कूल छात्र-छात्राओं को आवागमन सुगम व राहत मिली है। जिस पर ग्रामीणों तथा घनश्याम चंद्रवंशी व ओम यादव, दिनेश चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, हीरालाल चंद्रवंशी, मनोहर चंद्रवंशी, रामानंद यादव, रामप्रसाद चंद्रवंशी, पप्पू यादव ने क्षेत्रीय विधायक के अथक प्रयास से एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

## राम्हेपुर कला में छात्रों ने दिखाया कबड्डी प्रतियोगिता पर हुनर



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड बोड़ला अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला के अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने कबड्डी खेल में अपनी अपनी प्रतिभा, हुनर व ताकत दिखाई। शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में शनिवार को बैगलेस-डे पर स्कूल में विविध खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से कबड्डी खेल रहा, जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा कक्षा 9वी व 10 वीं के छात्र छात्राओं द्वारा कबड्डी का खेल तथा खेल भावना के साथ खेला गया। इस कबड्डी खेल में रोमांचक मोड़ में अंततः कक्षा 10 वीं की छात्रा किरण साहू द्वारा शानदार पॉइंट लेते हुए अपने टीम को विजयी दिलाई। शनिवार को बैगलेस-डे पर खेल के अतिरिक्त अन्य प्रकार के शैक्षणिक गतिविधि भी कराई गई। इस प्रकार से विविध शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, नीलम वर्मा, सुनीता कौशिक व छत्रपाल कश्यप एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# कोलेगांव मतदान केन्द्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 01 जनवरी 2025 की स्थिति शनिवार विशेष शिविर को मतदान केंद्र क्रमांक-190 मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला में मतदाता सूची में नए मतदाता का नाम श्रीमती मंजूषा यादव, श्रीमती सुषमा लहरे, संतराम मीरे, श्रीमती नागेश्वरी लहरें, श्रीमती गोमती चंद्राकर, श्रीमती जस्सी पात्रे का नाम जोड़ा गया साथ ही साथ उपस्थित मतदाता को संशोधन एवं विलोपन हेतु फार्म 06, 07 व 08 के बारे बताया तथा ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 1 जनवरी 2025 तक 18 वर्ष हो गया व हो चुकी है उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें मतदान केंद्र-190 शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला के अभिहित अधिकारी बैजनाथ चंद्राकर, बीएलओ श्रीमती बिंदा बंजारे एवं उपस्थित मतदाता घनश्याम कश्यप, देवेंद्र चंद्रवंशी, प्रकाश यादव, राधे निषाद, जगनंदन पटेल, वेदराम जायसवाल, अमित लहरे, श्रीमती इंदु यादव, श्रीमती मानकी यादव व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## हरिनछपरा में न्योता भोज आयोजित



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड बोड़ला अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरिनछपरा में स्कूल छात्र छात्राओं को न्योता भोज कराया गया। गेंदलाल कुर्रे द्वारा जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली छात्र छात्राओ को खीर-पुडी, समोसा, जलेबी परोसा गया। इस दौरान सरपंच आनंद दास बघेल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जलेश बघेल, प्रधान पाठक तीजूराम धुर्वे, प्रधान पाठिका दुर्गा तिवारी, शिक्षिका मोना यादव, किरण शर्मा एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## साक्षर भारत प्रेरक को फिर से मान्यता दी जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

2011 में छत्तीसगढ़ में पूरे जिला में ग्रामीण गांव से एक महिला एक पुरुष प्रेरक के रूप में लिखित परीक्षा के माध्यम से योग्यता के आधार पर चयन हुआ था, लगातार अपने-अपने गांव में आसाक्षर को साक्षर बनाने का काम प्रेरकों के माध्यम से किया गया साथ ही साथ पंचायत के अनेक कार्य में भी इन प्रेरक को उपयोग किया गया। 8 वर्ष से लगातार काम किया गया उसके बाद प्रेरक लोग को बैठा दिया गया 2018 में जिसमें आश्वासन दिया गया धरना प्रदर्शन भी किया गया, प्रेरक को लिया जाएगा कहकर आश्वासन मिल गया था। लेकिन आज भी प्रेरक लोग को वापस नहीं लिया गया लेकिन आज एक बार फिर से गांव-गांव में असाक्षर को साक्षर बनाने का काम किया जा रहा है इसलिए शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि जो प्रेरक कार्य किया गया है उसको तत्काल बहाल किया जाए और साक्षरता में एक बार फिर से प्रेरक को लिया जाए।

## होर्डिंग्स में आदेश नियम तार-तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

क्षेत्र में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़कों पर क्षमता से अधिक लोड वाहन नियमों को रौंदते हुए दौड़ रहें है। ग्रामीण क्षेत्रों में एक गांव को दूसरे गांव से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़के बनाई गई है। लेकिन होर्डिंग्स के आदेश नियम तात तार हो रही है।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000



जिले के प्रत्येक स्कूल के प्रतिभागी बढ़-चढ़कर लेंगे हिस्सा

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता व लोक नृत्य का आयोजन



■ तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल व लोकगीत का आयोजन प्राइवेट स्कूल संघ में किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता एवं लोकगीत का तीन दिवसीय आयोजन प्राइवेट स्कूल संघ जिला कबीरधाम द्वारा किया जाएगा, जिसमें जिले भर के स्कूलों के हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस आयोजन के संबंध में दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा में जिले के सभी क्रीड़ा अधिकारी एवं खेल शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले के 67 क्रीडा शिक्षक व शिक्षक उपस्थित हुए साथ ही साथ आयोजन का रूपरेखा एवं खेल के तैयार किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता रामशरण चंद्रवंशी द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती की तैलचित्र में पूजा अर्चना कर संघ जिला अध्यक्ष अश्विनी श्रीवास द्वारा किया गया।

श्री श्रीवास ने बताया कि यह आयोजन जिले में पहली बार होने जा रही है, जिसमें जिले के सभी स्कूल के विद्यार्थी और शिक्षक एक साथ भाग लेंगे और संगठन एक साथ एक ही मंच पर अपनी भव्यता का प्रदर्शन करेंगे। जिले के सभी विद्यालय के विद्यार्थी अपने योग्यताओं को जिले में प्रदर्शित करने का यह सुनहरा और प्रथम अवसर है जिसमें जिले के प्रत्येक स्कूल के प्रतिभागी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगें।

इस आयोजन में दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से शहरी क्षेत्र का प्रत्येक स्कूल के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे और अपनी योग्यता का प्रदर्शन करेंगे। इस बैठक में उपाध्यक्ष आदित्य चंद्रवंशी द्वारा आयोजन में सम्मिलित विभिन्न खेलों की व्याख्या किया गया और बताया गया की हमारे जीवन का अभिन्न भाग होता है जिसे प्रत्येक विद्यार्थियों को स्वास्थ्य ही हेतु अपनाना चाहिए, इस आयोजन के नियमावली एवं विवरण रामशरण चंद्रवंशी द्वारा मुख्य रूप से प्रशिक्षण स्वरूप खेल शिक्षकों को दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिले के कार्यकारिणी सदस्य डॉ अतुल देव वर्मा, प्रेम यादव, वीरेंद्र, गंगाराम साहू, लक्ष्मण चंद्रवंशी उपस्थित थें। वहीं कार्यक्रम के जिला खेल प्रभारी मनीष निषाद खेल शिक्षक को नियुक्त किया गया।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हेमचंद विवि ने बढ़ाई नामांकन की तिथि

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के नामांकन की तारीख बढ़ा दी है। इस संबंध में दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार बीएड-बीएससी, बीएड-बीए, बीएड पाठ्यक्रम शामिल है। ऑनलाइन नामांकन के लिए आवेदन 30 नवंबर तक किया जा सकता है। आवेदन के बाद हॉर्डकॉपी को जमा करने की अंतिम तारीख 3 दिसंबर है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विद्यार्थी विवि की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का श्रीगणेश 14 से लेकिन समितियों में लटके ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

एक तरफ प्रदेश सरकार ने ऐलान कर रखा है कि इस साल कृषक सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू कर दी जाएगी तो वहीं दूसरी तरफ प्रदेश सहित जिलेभर की सेवा सहकारी समितियों में बीते 4 नवम्बर से ताला लटका हुआ है। जानकारी के मुताबिक सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत समिति प्रबंधक से लेकर चौकीदार, शासकीय उचित मूल्य के विक्रेता तथा समितियों में कार्यरत दूसरे कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 4 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे हुए है। जिसके चलते एन समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से पूर्व समितियों का कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत धान खरीदी का शुभारंभ 14 नवम्बर से किया जाना है। जिसके लिए अब पांच दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में सभी धान खरीदी केन्द्रों में शासन के निर्देशानुसार कई आवश्यक कार्य जैसे साफ-सफाई, फड़ मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, टोकन वितरण जैसी तमाम तैयारियां की जानी है लेकिन समितियों में बीते हप्ते भर से ताला लटके होने के कारण अभी तक कोई तैयारी प्रारंभ नहीं की गई है। जिसे देखते हुए इस बात की भी आशंका बनी हुई है कि क्या शासन-प्रशासन समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए अपनी घोषित तिथि 14 नवम्बर को धान खरीदी का श्री गणेश करा भी पाएगी या नहीं? फिलहाल जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के बैनर तले जारी समिति प्रबंधकों व कर्मचारियों के रूख को देखते हुए ऐसा नहीं लग रहा है कि वे अपनी मांग पूरी होने से पहले वापस लौटेंगे। माना जा रहा है कि ऐसे में शासन-प्रशासन को इस हड़ताल को जल्द से जल्द समाप्त कराने की दिशा में कारगर कदम उठाने चाहिए।

### शासन के समक्ष संघ ने रखी तीन सूत्रीय मांगें



जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार संघ के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के सभी संभाग मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। कबीरधाम जिले के कर्मचारियों ने दुर्ग में बीते 6 दिनो से डेरा डाल रखा है। संघ ने शासन के समक्ष मुख्य रूप से. मध्य प्रदेश सरकार के तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों को कर्मचारियों के वेतनमान व अन्य सुविधाओं का लाभ देने हेतु प्रतिवर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि देने शीघ्र आदेशित किए जाने, सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरिक्षित वेतन लागू की जाने तथा समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान परिदान पश्चात हुई संपूर्ण सुख्त मान्य करते हुए आगामी वर्षों के लिए धान खरीदी नीति में वर्णित 16.9 में सुख्त मान्य का प्रावधान करते हुए धान खरीदी अनुबंध में परिवर्तन करते हुए प्रासमित व सुरक्षा व्यय एवं कमीशन, खाद, बीज, उपभोक्ता फसल बीमा, आदि को 2 गुना बढ़ोतरी कर राशन वितरण पर 500 किलो क्षति पूर्ति 5000 रुपए दिए जाने की मांग रखी है।

### शासन ने मांगों को लेकर समय रहते नहीं दिखाई गंभीरता

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर बीते कई दिनो चरणबद्ध आंदोलन कर शासन-प्रशासन का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही की मांग करते आ रहे हैं। इससे पूर्व संघ 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर काम करते रहा, इसी प्रकार संघ ने 21 एवं 22 अक्टूबर को दो दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया तथा अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन शासन प्रशासन को सौंपा गया। तत्पश्चात 23 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक समिति मुख्यालय में ही मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की गई लेकिन इतने सब के बाद भी जब शासन प्रशासन ने संघ की मांगों पर कोई विचार नहीं किया तो संघ ने इस उपेक्षा से त्रस्त होकर 4 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अख्तियार कर लिया।

## हादसा: लाखों का खाद्य तेल और ट्रक जलकर खाक, बड़ी दुर्घटना टली

# सरसों तेल से भरे ट्रक में अचानक लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा कोतवाली क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में ग्राम सिंघनुपरी के पास शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक चलते ट्रक में भीषण आग लग गई। बताया जाता है कि ट्रक में सरसों तेल के तीन भरे थे। ट्रक में अज्ञात कारणों से भड़की इस आग में जहां लाखों को खाद्य तेल जलकर नष्ट हो गया वहीं ट्रक भी खाक हो गया। इसे गनीमत ही कहें की इतनी भीषण आग में चालक और परिचालक सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची डॉयल 112 तथा दमकल की टीम ने आग पर काबू तो पा लिया है लेकिन ट्रक व तेल को नष्ट होने से नहीं बचाया जा सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात सरसों तेल के टीनो से भरा एक ट्रक राजस्थान से मध्यप्रदेश के जबलपुर से होते हुए छत्तीसगढ़ के रायपुर आ रहा था। इसी दौरान जब ट्रक कवर्धा कोतवाली से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 स्थित ग्राम सिंघनपुरी के पास पहुंचा तो उसके पिछले हिस्से में अचानक आग लग गई। लेकिन ट्रक के पिछले हिस्से में लगी इस आग से ट्रक के सामने मौजूद चालक और परिचालक पूरी तरह से अंजान थे। वह तो किसी दूसरे वाहन चालक ने जब ट्रक के पिछले हिस्से में लगी आग को देखा तो उसने जलते हुए ट्रक को ओव्हर टेक कर इसकी जानकारी चालक व परिचालक को दी। हक्के बक्के चालक परिचालक ने तत्काल ट्रक को साईड किया और वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। इस बीच घटना की जानकारी डॉयल 112 की टीम को दी गई तथा डॉयल 112 की टीम ने घटना से दमकल अमले को अवगत कराया। लेकिन बताया जाता है कि जब तक दमकल अमला मौके पर पहुंच पाता आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया था और ट्रक में सरसों तेल से भरे सैकड़ो टीन धू-धूकर चल रहे थे। इस अग्री दुर्घटना में जहां लाखों का खाद्य तेल नष्ट हो गया वहीं ट्रक भी खाक हो गया। बाद में दमकल की टीम ने काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### बाल-बाल बची चालक-परिचालक की जान



यहां बताना लाजिमी होगा कि इस दुर्घटना में ट्रक चालक तथा परिचालक की जान बाल-बाल बची है, क्योंकि उन्हें ट्रक के पिछले हिस्से में लगी भीषण आग की कोई भनक तक नहीं थी और वे आराम से जलते ट्रक को चलाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इसी गनीमत ही कहें कि किसी भले मानुष ने ट्रक के पिछले हिस्से में लगी आग को देखते ही चालक-परिचालक को इसकी सूचना दी और उन्होने समय रहते ट्रक से नीचे उतरकर अपनी जान बचा ली। अगर इसमें लेट लतीफी होती तो निश्चित ही चालक-परिचालक की जान संकट में पड़ जाती।

### चलते ट्रक में आग लगने का कारण अज्ञात

अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि आखिर खाद्य तेल से भरे ट्रक में आग कैसे लगी। ऐसी आंशका जताई जा रही है कि आग लगने का कारण सार्ट सर्किट हो लेकिन अगर ऐसा होता तो इसका प्रभाव ट्रक के कैबिन भी होना था, पर ऐसा नहीं हुआ। बहरहाल यह जांच का विषय है।

# बड़े भाई ने मोबाइल छीना तो छोटे भाई ने खा लिया जहर, मौत

## पंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सैगोनाडीह का मामला

- ईलाज के दौरान हुई युवक राकेश कटले की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



बच्चों से लेकर युवाओं में मोबाईल फोन की लत किस हद तक बढ़ रही है और यह लत उनके लिए कितनी घातक साबित हो रही है इसकी एक बानगी शनिवार को जिले के पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम सैगोनाडीह में देखने को मिली।

जहां एक 22 वर्षीय युवक ने सिर्फ इसलिए जहर का सेवन कर आत्महत्या कर ली क्योंकि उसके बड़े भाई ने उसे मोबाईल देखने से मना करते हुए उससे मोबाईल फोन छीन लिया। युवक की मौत की सूचना के बाद पुलिस ने मृतक का पीएम उपरांत मर्ग कायम कर लिया है। वहीं अब मामले की विवेचना की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सैगोनाडीह निवासी राकेश कटले आयु 22 वर्ष को मोबाईल फोन की एक प्रकार से लत लगी थी। वह अपना ज्यादातर वक्त मोबाईल फोन पर ही व्यतीत करता था।

यहां तक की घर परिवार के सदस्यों द्वारा किसी काम को करने के लिए बोलने पर भी वह उसे अनसुना कर देता था। जिससे परिजन खासे परेशान थे। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह करीब 9.00 बजे भी राकेश अपने मोबाईल पर व्यस्त था। इसी बीच उसके बड़े भाई ने उससे कोई काम करने के लिए कहा लेकिन राकेश ने उसे अनसुना कर दिया। जिसके कारण दोनों भाईयों के बीच विवाद शुरू हो गया और मोबाईल फोन को लेकर शुरू हुआ यह विवाद इतना बढ़ा की राकेश ने गुस्से में आकर घर में रखा कीटनाशक जहर सेवन कर लिया।

जिसके कुछ देर बाद उसकी तबियत खराब होने लगी। जिसे देखते हुए उसे तत्काल पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पंडरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर अब मामले को विवेचना में लिया। इस ह1दय विदारक घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक व्याप्त है खासकर मृतक की मां अपने जवान बेटे की अचानक हुई इस मौत से सदमे में है। निश्चित रूप से यह मामला अपने आप में समाज के लिए चिंता का विषय है। आज बच्चों से लेकर युवाओं में जिस ढंग से मोबाईल फोन का नशा बढ़ रहा है वह बच्चों और युवाओं की दिशा, दशा और सोच बदल रहा है।

# बोड़ला की बेटी गीता यादव निदरलैंड व मैच बेलजीयम में खेलेगी मैच

- बोड़ला की बेटी गीता यादव ने खेल हॉकी में बढ़ाया छत्तीसगढ़ और कवर्धा जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला



यूरोप में होने वाले हॉकी अंडर 21 वूमेन प्रतियोगिता में जिले के बोड़ला नगर की महिला खिलाड़ी अपने खेल प्रतिभा का जोहर दिखाएगी। जानकारी के मुताबिक इस प्रतियोगिता के लिए देश के कुल 24 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें कवर्धा जिले के बोड़ला में रहने वाली गीता यादव भी चयनित खिलाड़ियों में से एक है। जो पूरे प्रदेश और जिले के लिए गौरव की बात है। गौर तलब है कि इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश से सिर्फ दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसमें गीता यादव और अनिशा साहू शामिल है। गीता यादव कवर्धा जिले की पहली हॉकी खिलाड़ी है जो विदेश में होने वाली 12 नवम्बर से 21 नवम्बर तक आयोजित टूर्नामेंट में भारत के लिए खेलेंगी। इस प्रतियोगिता के तहत कुल 6 मैच की सीरिज में 3 मैच निदरलैंड में और 3 मैच बेलजीयम में खेला जायेगा। दिसंबर में होने वाले एशिया कप की तैयारी हेतु यूरोप टूर का आयोजन किया गया है। नगवासियों ने गीता यादव की इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# कलेक्टर के कड़े निर्देश के बाद जिला मंडी बोर्ड ने खराब सीसी रोड का कराया दोबारा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा विकासखंड के ग्राम बटूराकछार में सीसी रोड के निर्माण में खामियां पाए जाने के बाद, कलेक्टर गोपाल वर्मा के सख्त निर्देश पर सड़क का पुनर्निर्माण कार्य शुरू हो गया है। हाल ही में कलेक्टर श्री वर्मा ने ग्राम बटूराकछार का दौरा किया और वहां निर्मित सीसी रोड की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में कई खामियां पाईं, जिससे क्षेत्र के लोगों को असुविधा हो सकती थी। निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि खराब गुणवत्ता वाली सड़क को तुरंत उखाड़कर दोबारा गुणवत्तापूर्ण तरीके से बनाई जाए। जिसके बाद रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसे तय मानकों के अनुरूप पूरा किया जाना चाहिए ताकि यह लंबे समय तक टिकाऊ रहे। ग्राम बटूराकछार



में मंडी द्वारा स्वीकृत 8 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर के इस कड़े कदम से ग्रामवासियों में संतोष और खुशी की लहर है। गांव के लोगों ने कलेक्टर के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रशासन की यह पहल सराहनीय है और इससे भविष्य में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित होंगे। नागरिकों ने विश्वास जताया कि इस बार सड़क का निर्माण मजबूत और टिकाऊ होगा जिससे उन्हें लंबे समय तक लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को भविष्य में निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाना जरूरी है,ताकि शासकीय योजनाओं का लाभ नागरिकों तक सही ढंग से पहुंचे। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित जांच और निगरानी करने के निर्देश दिए है, जिससे क्षेत्र में अच्छे और गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य हो सकें। ग्राम बटूराकछार में सीसी रोड का पुनर्निर्माण कार्य कलेक्टर के निर्देशानुसार तेजी से चल रहा है और जल्द ही इसे पूरा कर गांववासियों को सौंपा जाएगा।

## सहसपुर लोहारा महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि स. लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में शनिवार को तीसरा राष्ट्रीय पर्यावरण युवा सांसद 2025 में सहभागिता एवं सहयोग हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय स्तर पर दोपहर 12.00 बजे आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरणीय नेतृत्व का विकास और युवाओं को सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करना एवं वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करना है। इस कार्यक्रम में निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीमती केएस परिहार, श्रीमती मोना बर्मन, संदीप कुमार सोनकर एवं महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

## परम्परानुसार की गई गौ माता की पूजा अर्चना, खिलाई गई खिचड़ी

# कवर्धा सहित अंचल में धूमधाम से मनाई गई गोपाष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष धर्मनगरी कवर्धा सहित अंचल में गोपाष्टमी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाने वाले गोपाष्टमी का पर्व के मौके पर लोगों ने गौ माता की विधिवत पूजा अर्चना की तथा गौमाता को विशेष रूप से खिचड़ी खिलाई गई। पर्व के मौके पर कवर्धा सहित जिले की गई गौशालाओं में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित कर गौमाता पूजी गई।

गौरतलब है कि गोपाष्टमी के पर्व पर भगवान कृष्ण और गायों की पूजा होती है। मान्यता है कि गोपाष्टमी पर गाय की पूजा उपासना करने से 33 कोटि देवी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है और घर में सुख-



शांति और समृद्धि आती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस दिन से भगवान कृष्ण ने गाय को चराना शुरू कर दिया था, इससे पहले वे केवल गाय के बछड़ों को ही चराया करते थे। इसी उपलक्ष्य में मथुरा वृंदावन समेत कई जगह इस पर्व को मनाया जाता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि हिंदू धर्म में गौमाता का बेहद महत्वपूर्ण स्थान है और गाय को माता का दर्जा भी दिया गया है। गौ माता की सेवा करने मात्र से हर मनोकामना पूरी होती है और मृत्यु के बाद गोलोक में स्थान भी मिलता है।

साथ ही परिवार में सुख शांति बनी रहती है और जीवन में कोई संकट भी नहीं आता। मान्यता है कि गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है और गाय को आध्यात्मिक और दिव्य गुणों का स्वामी भी माना जाता है। गोपाष्टमी गायों की पूजा को समर्पित और उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रदर्शित करने का त्यौहार है। कई कथाओं में वर्णन मिलता है कि किस तरह भगवान कृष्ण ने अपनी बाल अवस्था में गौ माता की सेवा की है।

# गणित का भय दूर करने शिक्षण में नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रायः घर, परिवार व आसपास यह कहते सुना जाता है कि गणित पढ़ना मुश्किल है।अपने आसपास व घर के लोगों से यह सुनकर गणित का डर बच्चों के दिमाक पर इस कदर हावी हो जाता है कि वो इससे दूर भागने लगते हैं। घर और स्कूल में इससे पीछा छुड़ाने में लगे रहते हैं। इससे वे गणित फोबिया से ग्रसित हो जाते हैं। इसका दुष्परिणाम यह होता है कि विद्यार्थी गणित विषय को ही पढ़ना छोड़ देते हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए शसकीय हाई स्कूल छिरहा के प्रचार्य व गणित के व्याख्याता रमेश चन्द्रवंशी ने अपने अध्यापन के दौरान शैक्षिक नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों में गणित के भय को दूर करने की दिशा में सतत कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि गणित कोई कठिन विषय नहीं है। गणित विषय कठिन लगने का प्रमुख कारण गणित के मूलभूत जानकारियों की समझ न होना है। इसी कारण से वे बच्चों के विद्यालय में कक्षा नवमीं में प्रवेश लेने के बाद पहला काम गिनती, पाहड़ा, जोड़, घटाना, गुणा, भाग, संख्याएँ, वर्ग, घन, लघुत्तम, महत्तम, आकृतियां आदि से अध्यापन प्रारम्भ करते हैं। घर, परिवार, विद्यालय व आस-पास के दैनिक जीवन में उपयोग किए जा रहे गणित से परिचय कराते हैं, जिससे विद्यार्थी यह समझने लगते हैं कि गणित के सवाल कहीं और से नहीं बल्कि हमारे आस-पास के घटनाओं व दैनिक जीवन से ही बनते हैं। क्रमशः कक्षा व समझ बढ़ने के साथ-साथ गणित विषय मूर्त से अमूर्त की ओर बढ़ता जाता है। गणित के प्रति रुचि व जिज्ञासा बढ़ाने के लिए संख्याओं के वर्ग निकालने की सरल विधियाँ, पैटर्न, संख्याओं का खेल, गणित में जादू, पहेलियां जैसे गतिविधियों का सहारा लेते हैं। आवश्यकतानुसार सहायक शिक्षण सामग्रियों का प्रयोग किया जाता है। गणित में निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होता है, इसके महत्व को देखते हुए विद्यार्थियों को अपने घर में प्रतिदिन एक घंटा गणित का अभ्यास करने के लिए समय निर्धारित किया गया है। इसमें पालकों का भी सहयोग लिया जाता है। विद्यार्थियों का समूह बनाकर आपस में चर्चा कर सीखने एवं प्रश्नों को बोर्ड में हल करने का अवसर दिया जाता है। विद्यार्थियों को उनका मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका प्रदान कर त्रुटियों व कमियों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।